| Class: IX | Department: Hindi | Date: 12-09-2023 |
|---|---|---|
| MCQ | Topic:- **Revision -** Mid – Term Examination | Note: NA |

**नाम - ______________________ अनुक्रमांक ______ अनुभाग _____ दिनांक- /09/2022**

# 1.एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा

1 'एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' की लेखिका ने काठमांडू के लिए उड़ान कब भरी ?

8 मार्च

7 मार्च

9 मार्च

6 मार्च

2 लेखिका ने सबसे पहले एवरेस्ट को कहाँ से निहारा ?

दिल्ली से

काठमांडू से

नमचे बाज़ार से

चमोली से

3 ग्लेशियर क्या है ?

दूध की नदी

बर्फ की नदी

पानी की झील

चॉक की घाटी

4 कहाँ तक का रास्ता झंडियों से चिह्नित किया ?

कैंप दो तक

कैंप एक तक

कैंप तीन तक

कैंप चार तक

5 जलवायु अनिकूल न होने के कारण किसकी मृत्यु हुई ?

दूधवाले की

रसोई सहायक की

उपनेता की

रिक्शा चालक की

6 हिम-स्खलन के कारण क्या हुआ ?
एक शेरपा कुली की मृत्यु  एक घायल
दो शेरपा कुलियों की मृत्यु चार घायल
एक शेरपा कुली की मृत्यु चार घायल
दो शेरपा कुलियों की मृत्य दो घायल

7 लेखिका कठिनतम चुनौतियों का सामना करना चाहती थी I
सत्य
असत्य
अर्धसत्य
सभी सही

8 “मैं भी औरों की तरह एक पर्वतारोही हूँ, इसीलिए दल में आई हूँ” यह वाक्य किसने किससे कहा?
बचेंद्री ने की से
की ने बचेंद्री से
बचेंद्री ने मीनू से
मीनू ने बचेंद्री

9 ‘साउथ कोल’ किस कारण से प्रसिध्द है ?
पृथ्वी पर बहुत कठोर जगह के लिए
अपनी हरियाली के लिए
पृथ्वी पर बहुत सुंदर जगह के लिए
अपने झरने और बागों के लिए

10 “दीदी, तुमने अच्छी चढ़ाई की I मैं बहुत प्रसन्न हूँ I” किसने कहा ?
सोनम पुलजर ने
अंगदोरजी ने
लोपसांग ने
ल्हाटू ने

*********************************************************************

## 2 दोहे - रहीम MCQ 21

**रहीम ने कौन - सा धागा न तोड़ने की सलाह दी है ?**

नफ़रत का

प्यार का

इंतजार का

इकरार का

**रहीम ने मन की व्यथा को कहाँ छुपा कर रखने को कहा है ?**

मन में

तन में

घुटने में

कमर में

**किसे सींचने से फल और फूल प्राप्त हो जाते हैं ?**

शूल को

मूल को

टहनियों को

पत्तों को

**अवध नरेश कहाँ रमे रहते हैं ?**

नंदी गाँव में

चित्रकूट में

सरयू के तट पर

बनारस में

**रहीम के दोहे कैसे होते हैं ?**

अर्थ रहित

अर्थ विहीन

गहरे अर्थ से भरे हुए

उथले अर्थ वाले

**कीचड़ के जल को रहीम ने धन्य क्यों कहा है ?**

क्योंकि वह कड़वा होता है

क्योंकि वह खारा होता है

क्योंकि वह चटपटा होता है

क्योंकि वह मीठा होता है

**हिरण किस पर रींझ कर प्राण त्याग देता है ?**

संगीत पर

धन - दौलत पर

प्रेमिका पर

प्रेमी पर

**दूध से कब मक्खन नहीं निकाला जा सकता ?**

जब दूध रूठ जाए

जब दूध गुस्सा हो जाए

जब दूध फट जाए

जब दूध ससुराल चला जाए

**रहीम ने छोटों की उपेक्षा या अपमान न करने की सलाह क्यों दी है ?**

जो काम छोटे कर सकते हैं वह बड़े नहीं कर सकते

कोई काम छोटा नहीं होता

सब काम बराबर हैं

बड़े छोटों का दर्द नहीं समझ सकते

**विपत्ति में हमारा सहायक होता है -**

अपना धन

पराया धन

सूर्य का ताप

चंद्रमा की चाँदनी

# 3. शब्द - पद, अनुस्वार-अनुनासिक

1. सार्थक एवं स्वतंत्र ध्वनि को कहते हैं -

    शब्द

    पदबंध

    पद

    सर्वनाम

2. पेड़ से फल गिरते हैं । - इस वाक्य में ‘फल’ शब्द को क्या कहेंगे ?

स्वर

व्यंजन

पद

शब्द

3. शब्द स्वतंत्र और _____ होते हैं ।

अर्थवान

महंगे होते हैं

बंधे हुए

कोई नहीं

4. वाक्य में प्रयुक्त ‘पीपल’ शब्द क्या कहलाता है ?

‘पथिक **पीपल** की ठंडी छाया में बैठा है’

पद

अक्षर

वाक्य

काव्य

5. निम्नलिखित शब्दों से शुद्ध रूप चुनिए ।

सुंदर

सून्दर

सूदर

कोई नहीं

6. निम्नलिखित शब्दों से शुद्ध रूप चुनिए ।

शन्कू

शकू

शंकु

कोई नहीं

7. सही शब्द चुनिए -

सदिग्ध

संदीग्ध

सन्दीग्ध

संदिग्ध

8. सही अनुनासिक का प्रयोग किन शब्दों में नहीं हुआ है ?

फूँकना, सकूँगा

घुँघरू, आँखें

महिलाएं, पाऊंगा

साँस, जाऊँगा

9. सही अनुनासिक का प्रयोग किस शब्द हुआ है ?

अँधेरा

चंचल

चन्चल

अधैंरा

10. सही अनुस्वार का प्रयोग किन दो शब्दों में हुआ है -

सम्बन्ध, बाँट

कंधा, मँहगाई

संशय, कंघा

गूँगा, मूंगा

---

# 4. उपसर्ग - प्रत्यय

**1. 'अति' उपसर्ग से बना सही शब्द चुनिए ।**

अधिकार

अतिपावन

अनुकथन

अभिशाप

**2. 'सह' उपसर्ग से बना सही शब्द चुनिए ।**

सरकारी

संस्कारी

सहपाठी

सदाचारी

**3. 'स्व' उपसर्ग से बना सही शब्द चुनिए ।**

स्वतंत्र

संगठित

सुकुमार

सम्मान

**4. 'दर' उपसर्ग से बना सही शब्द नहीं है -**

दरअसल
दरकिनार
देनदार
दरहकीकत

**5. 'अन' उपसर्ग से बना सही शब्द नहीं है -**

अनपढ़
अनचाहा
अजनबी
अनजान

**6. 'इक' प्रत्यय से बना सही शब्द चुनिए ।**

सामाजिक
सुरभित
जागरूक
दिनचर्या

**7. 'ईन' प्रत्यय से बना सही शब्द चुनिए ।**

ग़मगीन
नमकीन
उपरोक्त दोनों
उपर्युक्त कोई नहीं

**8. 'ईय' प्रत्यय से बना सही शब्द चुनिए ।**

राष्ट्रीय
भारतीय
संपादकीय
उपर्युक्त सभी

**9. 'वाला' प्रत्यय से बना सही शब्द नहीं है -**

पानवाला
पैसेवाला
पहलवान
दूधवाला

**10. 'आई' प्रत्यय से बना सही शब्द नहीं है -**

पढ़ाई

लिखाई

लड़ाई

पहाड़ी

---

## 5. दुःख का अधिकार और पद - रैदास

1. बुढ़िया का बेटा क्या करता था ?

बर्तन बनाता था

खिलौने बेचता था

कछियारी करता था

कपड़े बेचता था

2. समाज में मनुष्य का अधिकार और दर्ज़ा कैसे सुनिश्चित होता है ?

खेल - कूद से

रहन - सहन से

पोशाक से

खान - पान से

3. बुढ़िया के दुःख को देख कर लेखक को किसकी याद आई ?

अपनी दादी की

अपने सहपाठिन की

संभ्रांत महिला की

अपनी नई पड़ोसन की

4. बाज़ार में लोग बुढ़िया को किस दृष्टि से देख रहे थे ?

ईर्ष्या की

घृणा की

प्यार की

द्वेष की

5. संभ्रांत महिला को पंद्रह - पंद्रह मिनट बाद मूर्छा क्यों आती थी ?
पुत्र - वियोग के कारण
पुत्री - वियोग के कारण
रक्त - चाप में अभिवृद्धि के कारण
तेज़ बुखार के कारण

6. बुढ़िया को कोई भी उधार क्यों नहीं देता ?
क्योंकि वह गरीब थी
क्योंकि वह दूसरे गाँव की थी
क्योंकि उसका कमाऊ बेटा नहीं रहा था
क्योंकि वह कभी उधार लौटाती नहीं थी
7. भगवान यदि बादल हैं तो भक्त क्या है ?
पानी
मोर
कबूतर
चकोर

8. यदि भगवान दीपक है तो भक्त क्या है ?
तेल
बत्ती
पानी
मोर 9. कवि ने दूसरे पद में किन-किन संत कवियों का उल्लेख किया है ?
नामदेव, कबीर, हरिजीउ, सैनु, सधना
नामदेव, गोविन्द, कबीर, सैनु, सधना
नामदेव, कबीर, त्रिलोचन, सधना, सैनु
नामदेव, हरिजीउ, सैनु, सधना

10. सुहागा का सही अर्थ है -
सोना चमकाने का पदार्थ
ताम्बा चमकाने का पदार्थ
पीतल चमकाने का पदार्थ
चाँदी चमकाने का पदार्थ
*************************************************************

# 6. अपठित गद्यांश

## 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनिए - 6

अमिताभ बच्चन ने शुरू से ही बड़ी शिद्दत से काम किया है । 'ज़ंजीर' से बॉलिवुड की उस मान्यता रूपी 'दीवार' को तोड़ा ।, जो उनके जैसी शख्शियत व अलहदा कदकाठी वालों को आगे बढ़ने से रोक रही थी । फिर 'अग्निपथ' पर चलते हुए खुद को एक अदद 'मर्द' साबित कर दिखाया । 'कभी ख़ुशी कभी गम' का 'सिलसिला' तो उनकी ज़िन्दगी में भी चला, पर किसी काबिल 'शहंशाह' की तरह उन्होंने कभी भी अपने सिंहासन को डगमगाने नहीं दिया । न सिर्फ़ अपने कैरियर बल्कि अपनी 'फैमिली' की भी उन्होंने खूब अच्छी तरह देखभाल की । कुछ साल पहले जब अमिताभ के पुत्र अभिषेक को लॉन्च किया गया, तब अमिताभ बहुत खुश थे | पर अभिषेक रातों-रात स्टार नहीं बने । स्टारडम उन्हें बड़ी मेहनत से प्राप्त हुआ है । जैसी कि खबर गर्म है, इन दिनों अमिताभ अभिषेक को पूरी तरह स्थापित करने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं ! वो अभिषेक को नंबर वन के सिंहासन पर विराजमान देखना चाहते हैं ।

**अमिताभ बहुत खुश थे क्योंकि -**

पुत्र अभिषेक की शादी की गई ।
पुत्र अभिषेक को लॉन्च किया गया।
पुत्र अभिषेक ने यूनिवर्सिटी में टॉप किया ।
पुत्र अभिषेक के पुत्री पैदा हुई ।

**अभिषेक रातों - रात स्टार बन गए । सही उत्तर चुनिए -**

स्टारडम उन्हें मेहनत से प्राप्त हुआ ।
स्टारडम उन्हें प्राप्त हुआ क्योंकि अमिताभ उनके पिता थे ।
स्टारडम उन्हें आसानी से प्राप्त हो गया ।
स्टारडम उन्हें प्राप्त हुआ क्योंकि वे भाग्यशाली थे ।

**अमिताभ ने अपने सिंहासन को डगमगाने नहीं दिया -**

किसी काबिल 'विद्वान' की तरह
किसी काबिल 'शहंशाह' की तरह
किसी नाकाबिल 'नेता' की तरह
किसी काबिल 'प्रहरी' की तरह

**अमिताभ ने बॉलिवुड की किस दीवार को तोड़ा ?**

बॉलिवुड की मान्यता रूपी दीवार को
बॉलिवुड की पत्थर की दीवार को
बॉलिवुड की ईंट - गारे की दीवार को
बॉलिवुड की कोरे कागज़ की दीवार को

**'अग्निपथ' का अर्थ होता है -**

संघर्षों और चुनौतियों भरा रास्ता

संघर्षों और हर्षों भरा रास्ता

हर्षों और चुनौतियों भरा रास्ता

मुश्किलों और हर्षों भरा रास्ता

**'कभी ख़ुशी कभी गम' और 'सिलसिला' क्या हैं ?**

उनकी प्रसिध्द गायों के नाम हैं ।

उनकी प्रसिध्द फिल्मों के नाम हैं ।

उनकी प्रिय कविताओं के नाम हैं ।

उनकी प्रसिध्द कहानियों के नाम हैं ।

---

## 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनिए - 6

परोपकार शब्द पर + उपकार इन दो शब्दों की संधि से बना है । पर का अर्थ है - पराया या दूसरों का । उपकार का अर्थ है - भला, अच्छा, भलाई या अच्छे काम करना । इस प्रकार अपने स्वार्थों से ऊपर उठकर यदि ज़रूरी हो तो खुद हानि उठाकर या अपने सुख-दुःख की चिंता किये बिना दूसरों की भलाई करना और सबकी अच्छाई के लिए प्रयत्नशील रहना ही परोपकार कहलाता है । संसार में अपने लिए तो सब जीते हैं या जी लेते हैं । अपने सुखों की चिंता भी सभी को रहती है । अपने को सुखी बनाने की कोशिश भी सभी करते हैं; पर जो ऐसा न कर दूसरों की चिंता किया करता है, जिसके प्रयत्न सभी को सुखी बनाने के हुआ करते हैं, उस व्यक्ति को परोपकारी कहा जाता है। संसार में इस प्रकार के परोपकारी बिरले ही हुआ करते हैं।

**'परोपकार' शब्द का संधि विच्छेद होता है -**

परो + उपकार

पर + पकार

परू + उपकार

पर + उपकार

**'पर' का अर्थ है -**

अपना

पुराना

दूसरों का

कोई नहीं

**उपकार का अर्थ है -**

भला करना

बुरा करना

पूरा करना

सभी सही

**कौन परोपकारी कहा जाता है ?**

जो मात्र अपना हित चाहता हो ।

जो दूसरों को सुखी बनाने का प्रयत्न करता हो ।

जो सुबह जल्दी उठता हो ।

जो दूसरों को दुखी करने का प्रयत्न करता हो ।

**'लाभ' का विलोम शब्द है -**

हानि

भलाई

बिरले

प्रयत्न

**'दुनिया' का पर्यायवाची शब्द है -**

संसार

स्वार्थी

सुखी

सभी सही

**'परोपकारी' दूसरों के सुख की ........................ करता है ।**

**(सही विकल्प भर कर रिक्त स्थान भरिए)**

चिंता

निंदा

संधि

कोई नहीं

........................................................................

7. निम्नलिखित विराम - चिह्नों को पहचान कर जोड़े बनाइए :-

| | |
|---|---|
| \| | अवतरण चिह्न |
| ? | अर्द्ध - विराम |
| ; | विस्मयादिबोधक चिह्न |
| ! | पूर्ण विराम |
| **“ ----- “** | **प्रश्नवाचक चिह्न** |
| **,** | **योजक** |
| **:-** | **कोष्ठक चिह्न** |
| **( ) { }** | **विवरण चिह्न** |
| - | अल्प विराम |
| O | लाघव चिह्न |

---

**निम्नलिखित में उचित स्थानों पर विराम-चिह्न लगाइए-**

कल पत्नी ने धीरे से पूछा था

कब तक टिकेंगे ये

मैंने कंधे उचका दिए क्या कह सकता हूँ

मैं तो आज खिचड़ी बना रही हूँ हल्की रहेगी

बनाओ

सत्कार की ऊष्मा समाप्त हो रही थी डिनर से चले थे खिचड़ी पर आ गए अब भी अगर तुम बिस्तर को

गोलाकार रूप नहीं प्रदान करते तो हमें उपवास तक जाना होगा

तुम्हारे मेरे संबंध एक संक्रमण के दौर से गुज़र रहे हैं

तुम्हारे जाने का यह चरम क्षण है तुम जाओ न अतिथि

तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है न मैं जानता हूँ दूसरों के यहाँ अच्छा लगता है

उत्तर { सही जोड़े }

| | |
|---|---|
| । | पूर्ण विराम |
| ? | प्रश्नवाचक चिह्न |
| ; | अर्द्ध - विराम |
| ! | विस्मयादिबोधक चिह्न |
| “ ----- “ | अवतरण चिह्न |
| , | अल्प विराम |
| :- | विवरण चिह्न |
| ( ) { } | कोष्ठक चिह्न |
| - | योजक |
| O | लाघव चिह्न |

--------------- 00 --------------